**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.10.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**पीएम–आरएसएस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दीय समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सौ वर्ष पहले आज ही के दिन एक संगठन के रूप में आर.एस.एस. की स्थापना मात्र एक संयोग नहीं था, बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही एक परंपरा का पुनरुत्थान था। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्मररण कराते हुए कहा कि स्वयंसेवकों ने वर्ष 1963 में गणतंत्र दिवस परेड में गर्व के साथ भाग लिया था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल विजयादशमी का पर्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

……………………………………………………………………

**जे.पी. नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे आज बिलासपुर में जीएसटी बचत उत्सव में शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री 3 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल करेंगे।

……………………………………………………………………

**जीएसटी**

जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर को शुरू हुआ। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

**नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने परिवारों और छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्टेशनरी की वस्तुओं पर कर कम कर दिया है। नए सुधारों के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर और पेंसिल जैसी स्टेशनरी आइटम को कर मुक्त कर दिया गया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करती थी। इसी प्रकार, इरेजर पर जीएसटी दर को 5 प्रतिशत से घटाकर कर मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा, ज्योमेट्री बॉक्स, कलर बॉक्स और पाउच जैसी वस्तुओं पर जीएसटी 5 प्रतिशत तक कर दिया है। इस क्षेत्र में कर की कटौती से छात्रों पर आर्थिक बोझ कम होगा और बाजार में इन उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी। यह कदम न केवल परिवारों का बोझ कम करेगा, बल्कि शिक्षा सामग्री को आसानी से उपलब्ध कराकर शिक्षा को बढ़ावा भी देगा।**

.................................................................................

**आरट्रैक**

सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक शिमला ने आज अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। आरट्रैक के जी.ओ.सी.–इन–सी. लैफ्टिनेट जैनरल देवेंद्र शर्मा ने आरट्रैक के 18 जवानों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जी.ओ.सी.–इन–सी. प्रशंसा प्रमाण पत्र और तीन प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को वर्ष के लिए वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कतार से सम्मानित किया। लैफ्टिनेट जनरल देवेंद्र शर्मा ने इस मौके पर कहा कि देश विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना के तीनों अंगों से एकजुटता, आत्मनिर्भरता और अविष्कार पर ध्यान केंद्रिंत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि आरट्रैक देश की सेना को परिवर्तन का दशक और तकनीकी आत्मसात का वर्ष, पहल के अनुरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरट्रैक वर्ष 2030 तक अपने पाठ्यक्रम में 34 नई तकनीकों को शामिल करने जा रहा है। इससे सेना को और मजबूती मिलेगी।

.................................................................................

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज्य के आपदा प्रभावितों को केंद्रीय राहत में रोड़े अटका रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा केंद्रीय मदद के नाम पर राज्य की जनता को गुमराह भी कर रही है। प्रतिभा सिंह ने आज शिमला में एक बयान में इस बात पर हैरानी जताई कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के आपदा प्रभावितों के लिए घोषित 15 सौ करोड़ रुपये के पैकेज को अभी तक जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने सीमित संसाधनों से अपना उत्तरदायित्व निभा रही है और आपदा प्रभावितों की मदद कर रही है। प्रतिभा सिंह ने केंद्र से आग्रह किया कि जीएसटी की दरों में कमी से प्रदेश को होने वाले राजस्व घाटे की पूर्ति के लिए हिमाचल को विशेष राहत पैकेज दिया जाए। उन्होंने पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नीति बनाने का भी केंद्र से आग्रह किया।

.................................................................................